# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),

निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com


पत्रांक 417/m-3/54 दिनांक 19/06/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,

बस्ती।


विषय:. **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 19.06.2026 को प्रकाशित "अहिरौलिया में हर घर जल योजना की लापरवाही: एक सप्ताह से खुला गड्ढा, पानी सड़क पर बह रहा" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 19.06.2026 को प्रकाशित "अहिरौलिया में हर घर जल योजना की लापरवाही: एक सप्ताह से खुला गड्ढा, पानी सड़क पर बह रहा" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसकी आख्या निम्नवत् है-

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| बस्ती जिले के कप्तानगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत पोखरा के अहिरौलिया गांव में 'हर घर जल योजना' (जल जीवन मिशन) में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां मोनू पाठक के घर के सामने विभाग द्वारा खोदा गया लगभग पांच फीट गहरा गड्ढा एक सप्ताह से अधिक समय से खुला पड़ा है। इस खुले गड्ढे में पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई, जिससे गड्ढा भरकर पानी पूरे रास्ते पर बहने लगा। यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में ऐसी लापरवाही सामने आई है। कुछ दिन पहले भी इसी इलाके में सड़क पर हजारों लीटर पानी बहने की खबर प्रकाशित हुई थी, जिसके बाद विभाग ने मरम्मत का काम कराया था। हालांकि, अहिरौलिया गांव में एक बार फिर वही लापरवाही दोहराई जा रही है। ग्रामीण मोनू पाठक ने बताया कि काम करने वाले मजदूर गड्ढा खोदकर ऐसे ही छोड़कर चले गए। एक अन्य ग्रामीण पुजारी पाठक ने चिंता व्यक्त की कि घर में छोटे बच्चे हैं और किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। राम तेज पाठक सहित अन्य ग्रामीणों ने भी जल्द से जल्द गड्ढे की मरम्मत की मांग की है। जब इस संबंध में पानी की टंकी पर लगे बोर्ड पर दर्ज नंबरों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो अधिकारियों की ओर से घोर लापरवाही सामने आई। जल निगम के अधिशासी अभियंता जनार्दन ने बताया कि उनका तबादला हो गया है। वहीं, अभियंता शशांक ने कहा कि उनका कार्यक्षेत्र बदल गया है और उन्होंने वर्तमान जेई अजीत कुमार का नंबर उपलब्ध कराया। कई बार कॉल करने के बाद जब जेई अजीत कुमार ने फोन उठाया, तो उन्होंने इस मामले की जानकारी न होने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही समस्या का समाधान कराएंगे। इस संबंध में बीडीओ चंद्रभान उपाध्याय ने बताया कि विभाग ने अभी तक यह योजना ग्राम सभा को हैंडओवर नहीं की है। | उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिले के विकास खण्ड-कप्तानगंज के पोखरा ग्राम पंचायत पेयजल योजना "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम अन्तर्गत निर्मित नहीं है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रामीण पाईप पेयजल योजना के अन्तर्गत पूर्व निर्मित है। सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर के अनुसार अहिरौलिया गांव में श्री मोनू पाठक के घर के सामने मौके का स्थलीय निरीक्षण करने पर किसी भी प्रकार का पांच फीट गहरा कोई भी गड्ढा नहीं पाया गया। घर के सामने एक लिकेज पाया गया जिसकी गहराई मात्र एक फीट पाई गयी। इस लिकेज को भी बनवाकर नियमित जलापूर्ति की जा रही है।<br>गड्ढे में डण्डा धंसाकर गलत तरीके से पांच फीट गहराई बताते हुए गलत तरीके से खबर प्रकाशित किया गया था। विभाग इस प्रकार की भ्रामक खबर का खण्डन करता है। |




भवदीय

(एस० रहमान)

अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
3) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता